# शिक्षक

## संगीत

प्रथम भाग

किरण कुमार मुखोपाध्याय, ( नीलू बाबू )

पुस्तक मिलने का पता:—

किरणकुमार मुखोपाध्याय

( नीलू बाबू )

यूनीवरसिटी रोड, इलाहाबाद ।

किरणकुमार मुखोपाध्याय ( नीलू बाबू )

Recipient of Gold Medals at the All India Music Conference held at Lucknow in 1925, & at the Shaharanpore Music Conference held in 1928.

THE UNION JOB PRESS, KATRA, ALLAHABAD.

श्री १०८ हरिहर

शिक्षक

# संगीत-सार-संग्रह

## प्रथम भाग

परब्रह्म परमात्मा, तरिहैं भव के पार।
वे ही रखिहैं लाज मम, उरकरि प्रेम विचार॥

गान कला सो हीन हिय, समुझहु ऊसर ताहि।
प्रेम विटप कैसे उगे, उगे तहूँ जरि जाहि॥


लेखक और प्रकाशक

किरणकुमार मुखोपाध्याय

(नीलू-बाबू)।



All rights reserved.



तृतीय बार १००० ] • 1928. [ मूल्य १।)

डाक ख़र्च अलग

पुस्तक मिलने का पता :—

पं० प्यारेलाल गौड़

परफ्यूमर एन्ड बुकसेलर

कटरा, इलाहाबाद।

# भूमिका

प्रेम रुधिर मिलि अङ्ग बनो है, कोई न पायो पार।
बत्तीसों जिमि राख्यो हिय बिच, जीभहि दन्त सम्हार॥

प्रेम है वेदान्त का सिद्धान्त सिद्ध विचार से।
शुद्ध होता है हृदय सत्प्रेम के संचार से॥
प्रेम का क्या मर्म है सो सब समझ सकते नहीं।
प्रेम मिलता भी नहीं है, सब समय या सब कहीं॥
प्रेम ही सौन्दर्य्य है, सौन्दर्य्य ही बस स्वर्ग है।
देव दुर्लभ प्रेम ही से प्राप्य पद अपवर्ग है॥

[ लव् ब्लौसम्स ]

देखिये योग, यज्ञ, जप, और प्राणायाम, इत्यादि कोई भी साधना प्रेम रहित नहीं है। सब ही का अन्तिम उद्देश एक सा है अर्थात् एक चित्त होकर परमेश्वर से शुद्ध प्रेम करते हुये आत्मा को पुष्ट करना ही सबों का मुख्य उद्देश है। परन्तु वर्तमान समय में पूर्वोक्त विधि में से एक को भी प्रत्येक मनुष्य इस संसार के सकल कार्य्य करते हुये नहीं कर सकता। इसलिये हमारे पूर्व-पुरुषों ने सब से सरल और सुसाध्य साधना सोच निकाली है, इस साधना के द्वारा मनुष्य एकाग्रचित्त होकर परमेश्वर से शुद्ध प्रेम करता हुआ अपनी आत्मा को तल्लीन कर सकता है। वह साधना सामवेद सम्भूत हमारी परम प्रिय संगीत विद्या है इसके द्वारा प्रत्येक व्यक्ति बिना सन्देह के परम-पद को प्राप्त हो सकता है।

किसी समय भारत में संगीत का प्रचार घर २ में था। संध्या सवेरे सामगान से आकाश गूंज उठता था। भिन्न २ प्रकार के बाजों की मधुर ध्वनि देवताओं तक को खींच लाती थी, नदी ठहर जाती थी, पवन रुक जाता था, सब जड़ चैतन्य संगीत मंत्र के बश हो जाते थे। परन्तु समय परिवर्तनशील है। वह समय न रहा। अब संगीत का अभाव हो गया है। जहाँ लोग दीपक राग गा कर दिया जला देते थे वहाँ अब संगीत के टिमटिमाते दीप कोप्र

बुझाने को तैय्यार हैं। हाँ, इधर कुछ लोग अब चेतने लगे हैं। वे संगीत के महत्व को समझने लगे हैं। परन्तु संगीत की सीढ़ी पर चढ़ने के लिये उन्हें अनेक कठिनाइयाँ पड़ती हैं। उन्हें रास्ता दिखाने और सहारा देने की आवश्यक्ता है। इसी कठिनाई को दूर करने के लिये मैंने यह "**शिक्षक संगीत-सार-संग्रह**" नामक प्रवेशिका बनाई है।

मैंने अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार सर्वसाधारण की सुबिधा के हेतु इसे सरल बनाने की चेष्टा की है और इसे समझने के लिये प्रश्नोत्तर के रूप में कर दिया है। यदि इस सेवा से म कुछ लोगों की संगीत की कठिनाई को दूर कर सका, तो मैं अपने को कृतकार्य समझूंगा। यदि कहीं किसी प्रकार की त्रुटि रह गई हो तो मैं उसके लिये क्षमा प्राथी हूँ।

इस कार्य में जिन जिन मित्रों ने मुझे उत्साहित किया है, उन्हें मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। विशेष कर श्रीयुत बाबू रामपरिच सिनहा, बी० ए०, एल० टी०, बाबू बेनीप्रसाद (रईस), बा० गुरु चरण जी, पं० अम्बादत्त पंथ, बी० एस-सी, बाबू सरयूप्रसाद, पं० जयदत्त त्रिपाठी, पं० हरिकृष्ण दीक्षित, श्रीयुत प्राणनाथ जुत्सी, बा० गुरुभगतसिंह (भक्त) बी० ए०; बाबू एम० एन० बैनर्जी; बी० ए०, एल० एल० बी०; पं० महावीरप्रसाद; पं० गोपालदत्त उप्रेती; बाबू डी० एन० कुन्डू; बाबू मोतीलाल; महाशय कशालकर जी (Music. Prof., K. P. College); महाशय लक्ष्मणप्रसाद जी (Music Prof. Saraswati Sangit Pathshala) प्रयाग का कृतज्ञ हूँ।

यूमिवरसिटी रोड
एलाहाबाद
ता० ६—३—१९१८।

किरणकुमार मुखोपाध्याय।
(नीलू बाबू)

# द्वितीय संस्करण की भूमिका

इस संग्रह की दूसरी आवृति आज मैं बड़े उत्साह के साथ निकाल रहा हूँ। पहली बार इस भय से इसकी ५०० प्रतियाँ ही छापी गई थी कि ऐसी पुस्तकों के प्रचार का समय देश में अभी नहीं आया। परन्तु इस प्रकार की धारणा के लिये मुझे लज्जित होना पड़ा। संगीत प्रेमियों ने इस पुस्तक का आदर किया और पहले संस्करण की सारी प्रतियाँ हाथों हाथ बिक गईं।

इस पुस्तक का द्वितीय संस्करण प्रकाशित करने की फिक्र मुझे बहुत समय से थी। परन्तु कागज और छपाई की मंहगाई के कारण इसके प्रकाशन में अधिक विलम्ब हो गया। इस पुस्तक की बिक्री तथा बराबर मांग जारी रहने के कारण मैं इसका दूसरा भाग भी प्रकाशित करने के प्रयत्न में हूँ। मालूम होता है कि संगीत प्रेमियों, को ऐसी पुस्तकें पसन्द हैं। अतएव शीघ्र ही मैं इसका दूसरा भाग भी लेकर उनकी सेवा में उपस्थित होऊँगा।

पहले संस्करण में भाषा तथा छपाई आदि की जो भूलें रह गई थीं उनका संशोधन यथा मति कर दिया गया है इस पर भी जो भूलें रह गई हों उन्हें पाठक कृपा पूर्वक सुधार कर पढ़लें।

मैंने अपने परम हित चिन्तक श्रीमान पंडित देवीदत्त शुक्ल सम्पादक "बालसखा" प्रयाग, और श्रीमान बाबू बेनीप्रसाद जी को हार्दिक धन्यवाद देता हूं कि उक्त श्रीमान पंडित जी ने पहिले संस्करण के भूलों का संशोधन करने में और बाबू बेनी प्रसाद जी ने इस संस्करण के प्रूफ को पढ़ने में अपने बहुमूल्य समय दिये।

ता: २९—१०—१९२०

ग्रन्थकर्ता

# तृतीय संस्करण की प्रस्तावना

परमपिता जगदीश्वर की असीम अनुकंपा से आज हम संगीत-प्रेमियों की सेवा में 'शिक्षक-संगीत-सार-संग्रह (प्रथम भाग)' का तृतीय संस्करण लेकर सादर उपस्थित होते हैं। संग्रह का प्रथम और द्वितीय संस्करण अपनाकर कला प्रेमियों ने हमारा उत्साह बढ़ाया और अपनी गुणग्राहकता का प्रशंसनीय परिचय दिया है। इसके लिये हम उनके ऋणि हैं। संगीत-साहित्य की श्री-वृद्धि के निमित्त संग्रह के प्रथम और द्वितीय भाग-द्वारा हम जो तुच्छ प्रयत्न कर सके हैं वह संगीत-संसार अकरणीय गुण-ग्राहकता ही का द्योतक है। यदि संगीत-संसार की हमारे प्रति ऐसी ही कृपा बनी रही तो हम शीघ्र ही संग्रह के अन्य भाग भी प्रकाशित करने का प्रयत्न करेंगे।

यह अत्यन्त गर्व और हर्ष का विषय है कि हमारे संयुक्त प्रान्त में भी अन्य प्रान्तों की भाँति, संगीत-प्रेम पूर्णतया जागृत-हो गया है, और दिन प्रति दिन बढ़ रहा है। यह हमारे समुज्ज्वल भविष्य की उषा के समान है। क्योंकि जब किसी जाति के अच्छे दिन आने वाले होते हैं, तभी उसे अपनी ललित कलाओं से प्रेम उत्पन्न होता है, उषा की प्रथम रश्मि हमें सूचना दे देती है कि हम किस प्रकार के दिन की आशा करें। हम परम पिता से सविनय प्रार्थना करते हैं कि वे हमारी पिछड़ी हुई जाति को उन्नति के मार्ग पर उत्तरोत्तर अग्रसर करें।

अंत में हम संगीत-प्रेमियों को हार्दिक धन्यवाद देते हैं। एक विशेष-रूप से उल्लेखनीय विषय यह है कि हम ने इस संग्रह के दूसरे भाग में ठाठ-चक्र-द्वारा राग रागानयों के रूप विस्तीर्ण कर दिये हैं।

यूनिवरसिटी रोड,
इलाहाबाद
ता० १—१—१९२८।

ग्रंथ कर्त्ता

# सूचीपत्र।


| विषय | | | | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| भूमिका | ... | ... | ... | (क) |
| द्वितीय संसकरण की भूमिका | | ... | ... | (ख) |
| तृतीय ,, ,, ,, | | ... | ... | (ग) |
| स्वराध्याय | ... | ... | ... | १ |
| स्वरों के संख्या, प्रकार, नाम और चिन्ह | | | ... | ३ |
| हारमोनियम चित्र नं० (१) | | ... | ... | ७ |
| अंकित स्वरों का चित्र काट कर हारमोनियम के परदों पर लगाने के लिये | | ... | ... | ७ |
| तालाध्याय | ... | ... | ... | ८ |
| ताल साधन | ... | ... | ... | १० |
| उपयोगी चिन्ह | ... | ... | ... | १४ |
| उपयोगी बातें | ... | ... | ... | १५ |
| स्वर साधन | ... | ... | ... | क १६ |
| रागाध्याय | ... | ... | ... | २० |
| राग रागिनियों के गाने का समय | | ... | ... | २१ |
| वर्तमान मत | ... | ... | ... | २३ |
| इमन कल्याण (चौताल) | | ... | ... | २५ |
| राग साधन | ... | ... | ... | २५ |
| राग हिंडोल (चौताल) | | ... | ... | २७ |
| राग मारवा (तिताला) | | ... | ... | २८ |
| गौड़ सारंग ( ,, ) | | ... | ... | ३० |
| रागिनी बिलावल (झपताल) | | ... | ... | ३१ |
| राग मालकोश (चौताल) | | ... | ... | ३३ |
| रागिनी भूपाली (धमार) | | ... | ... | ३४ |
| वृन्दावनी सारंग (तिताला) | | ... | ... | ३६ |

| विषय | | | | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| राग हमीर (तिताला) | | ... | ... | ३७ |
| सोरठ (तिताला) | | ... | ... | ३९ |
| भजन ( ,, ) | ... | ... | ... | ४० |
| खंमाज ( ,, ) | ... | ... | ... | ४२ |
| काफी ( ,, ) | ... | ... | ... | ४३ |
| रागिनी भैरवी (रुपक) | | ... | ... | ४५ |
| बरोवां पीलू (तिताला) | | ... | ... | ४६ |
| केदारा (तिताला) | ... | ... | ... | ४८ |
| केदारा चाँदनी (चौताल) | | ... | ... | ४९ |
| पूर्वी तिताला) | ... | ... | ... | ५१ |
| देश (तिताला) | ... | ... | ... | ५२ |
| दरबारी कान्हेड़ा (तिताला) | | ... | ... | ५३ |
| शहाना (झपताल) | ... | ... | ... | ५५ |
| बागेश्री (तिताला) | ... | ... | ... | ५६ |
| भीम पलासो (झपताल) | | ... | ... | ५७ |
| कान्हेड़ा (एकताला) | | ... | ... | ५८ |
| छाया ... | ... | ... | ... | ६० |
| सारंग (कहरवा) | ... | ... | ... | ६१ |
| झिझौटी (ठुमरी) | ... | ... | ... | ६३ |
| धुनि रामायण (जलद कहरवा) | | ... | ... | ६४ |
| भजन दादरा | ... | ... | ... | ६५ |
| थियेटर (दादरा) | ... | ... | ... | ६७ |
| गज़ल (कौवाली) | ... | ... | ... | ७० |
| भजन (ठुमरी) | ... | ... | ... | ७१ |
| गत इमन कल्यान (तिताला) | | ... | ... | ७२ |
| The National Anthem. राजभक्ति भजन | | | ... | ७३ |


नोट—जिन विषयों के नीचे लकीर है उन्हें ध्यान पूर्वक पढ़ना चाहिये।

# स्वराध्याय

शिष्य—संगीत किसे कहते हैं ?

दोहा

गुरु—गीत वाद्य, अरु नृत्य को कह्यो नाम संगीत ।
तानसेन, सुमतंग मुनि, भरत मतेहो थीत ॥

संगीत, अर्थात् गीत के संग बाजे में जो जो काम होता रहता है उन सब कामों के एक साथ होने को संगीत कहते हैं। और बाजे में अलग अलग काम के होने को संगत कहते हैं।

शि०- गीत किसे कहते हैं ?

गु०—जो पद स्वर के साथ लय से गाया जाता है और सुनने में मधुर और प्रिय मालूम होता है उसे गीत कहते हैं। हर एक गीत में निम्न लिखित चार बातें अवश्य होती हैं।

(१) सम—अर्थात् जहाँ लय का विश्राम होता है या जिस स्थान में यह प्रकाश होता है वहाँ संगीत-जानकारों के शिर हिल जाते हैं या वे "हाँ" कह देते हैं।

(२) अङ्ग, यथा स्थाई, अन्तरा, संचारी, और आभोग इन चार अङ्गों में से कम से कम स्थाई और अन्तरा अवश्य होते हैं ॥

(३) राग और रागिनी ।

(४) ताल ।

शि०—पद किसे कहते हैं ?

गु०—पद शब्दों के बोल को कहते हैं जो कि **मात्राओं** से बँधे होते हैं। हर एक गीत में कम से कम दो पद अवश्य होते हैं ?

शि०—लय किसे कहते हैं ?

गु०—कोई **ताल** स्थापित करके बराबर उसी ताल के मात्राओं के वज़न से गाने या बजाने को लय कहते हैं। इसके तीन भेद हैं :—

(१) द्रुतलय—दुगून में गाने व बजाने को कहते हैं।
(२) मध्यलय—साधारण रीति से गानेबजाने को कहते हैं।
(३) विलम्बितलय—बहुत ठाह की चाल से गाने बजाने को कहते हैं।

शि०—स्वर किसे कहते हैं ?

गु०—वह शब्द जो कि किसी के गले से, या किसी वस्तु पर आघात या घर्षण करने से निकलता है स्वर कहलाता है। इस प्रकार के भिन्न २ स्वर २२ प्रकार के हैं, जिन में से हारमोनियमरूपादि बाजों पर संङ्गीत शास्त्रकारों ने दो **अचल**, पाँच **चल**, अर्थात् सात शुद्ध स्वर और पाँच **अंशित** अर्थात् विशुद्ध स्वरों के चिन्हों को सङ्गीत विद्या के वर्ण ( Alphabet ) माने हैं, और इन्हीं बारह स्वरों से राग, रागिनी, गीत, गत, तराना और सरगम इत्यादि बने हैं।

, अचल और अंशित स्वर किसे कहते हैं ?

गु०—(१) जिस स्वर का अंश हो सकता है उसे **चल** स्वर कहते हैं। (२) जिस स्वर का अंश नहीं होता उसे **अचल** स्वर कहते हैं।

(३) वह स्वर जो किसी शुद्ध स्वर का अंश रखता हो **अंशित** या **विशुद्ध** स्वर कहलाता है।

# स्वरों के

| संख्या | प्रकार | नाम | चिन्ह |
|---|---|---|---|
| १-१३-२५-३७ | अचल | षड्ज (शुद्ध) | स |
| २-१४-२६ | अंशित | ऋषभ (कोमल) | रेक |
| ३-१५-२७ | चल | ,, (शुद्ध) | रे |
| ४-१६-२८ | अंशित | गन्धार (कोमल) | गक |
| ५-१७-२९ | चल | ,, (शुद्ध) | ग |
| ६-१८-३० | चल | मध्यम (शुद्ध) | म |
| ७-१९-३१ | अंशित | ,, (तीव्र) | मत |
| ८-२०-३२ | अचल | पंचम (शुद्ध) | प |
| ९-२१-३३ | अंशित | धैवत (कोमल) | धक |
| १०-२२-३४ | चल | ,, (शुद्ध) | ध |
| ११-२३-३५ | अंशित | निषाद (कोमल) | निक |
| १२-२४-३६ | चल | ,, (शुद्ध) | नि |

इन्हीं ऊपर लिखे हुए बारह स्वरों के समूह को एक सप्तक कहते हैं। और इन्हीं बारह स्वरों के निकलने का सम्बन्ध मनुष्य के शरीर और सम्पूर्ण स्वर वाले बाजों में भिन्न भिन्न तीन स्थानों से भिन्न भिन्न तीन प्रकार के हैं।

| मनुष्यों के शरीर में | प्रकार | सम्पूर्ण स्वर वाले बाजों में |
|---|---|---|
| स्थान | स्वर | स्थान |
| (१) उदर से | मोटा स्वर | प्रथम या अनुदित सप्तक से |
| (२) कंठ से | साधारण स्वर | द्वितीय या स्वरादित सप्तक से |
| (३) मस्तक से | ऊँचा अर्थात् चिल्लाने का स्वर। | तृतीय या उदित सप्तक से |

नोट—प्रथम या अनुदित सप्तक को मन्द्र, षरज, षाद या उदारा की सप्तक भी कहते हैं।

द्वितीय या स्वरादित सप्तक को मुदारा, मध्य या मध्यम सप्तक भी कहते हैं।

तृतीय या उदित सप्तक को तारा, उच्च, तार, अथवा पंचम सप्तक भी कहते हैं।

शि०—सीखने के लिये बाजों में सब से सरल बाजा कौन है ?

गु०—सीखने के लिये सब से सरल बाजा हारमोनियम है परन्तु इस में राग रागिनी का प्रकाश अच्छी भाँति नहीं हो सकता, क्योंकि इस बाजे से **श्रुति** और **मीड़** आदि नहीं निकल सकते।

शि०—**श्रुति** व **मीड़** इत्यादि किस बाजे से निकल सकते हैं ?

गु०—सितार, एसराज आदि कोई तार वाले बाजों से **मीड़** और **श्रुति** अच्छी तरह निकल सकती हैं।

शि०—**मीड़** व **श्रुति** किसे कहते हैं ?

गु०—किसी नियत स्वर वाले परदे पर के तार को खींच कर उसी परदे से दूसरे परदे के स्वर के उत्पन्न होने को मीड़ कहते हैं। कोई चल स्वर के चौथाई भाग को श्रुति कहते हैं, जो कि हारमोनियम में नहीं होता क्योंकि हारमोनियम में केवल स्वर के दोही भाग तक रक्खे गये हैं।

शि०—हारमोनियम किस प्रकार से बजाया जाता है ?

गु०—प्रथम छिद्र मोचक ( स्टापर ) जोकि हर एक हाथ वाले अर्थात् बक्स हारमोनियम के सामने की ओर तीन या चार होते हैं, कम से कम एक को अवश्य अपनी तरफ बाहर की ओर एक इञ्च तक खींच लेना चाहिये। फिर एक धौंकनी

जोकि बाजे के पीछे की ओर एक पीतल या लोहे की पत्ती से अटकी रहती है, खोल कर किसी परदे को जोकि गिन्ती में प्राय: १५ काले और २२ सफेद होते हैं अंगुली से दबाकर धौंकना चाहिये। जिसके धौंकने से हारमोनियम बजता रहेगा। परन्तु यह अवश्य ध्यान रहे कि अंगुली से कोई परदा बिना दबाये धौंकनी को कभी न धौंकना चाहिये, क्योंकि ऐसा करने से धौंकनी फट जाती है, और बाजा बेकाम हो जाता है।

शि०—हारमोनियम से स्वर किस तरह पैदा होता है?

गु०—हारमोनियम के भीतर एक हवा दान (Reservoir) होता है जोकि छिद्र मोचकों से ढका रहता है। धौंकनी दबाने से धौंकनी की हवा आकर इसमें जमा होती है, फिर किसी छिद्र मोचक को बाहर से खींचकर खोल देने से, वह हवा जो अन्दर पीतल के एक सेट ३७ पिपिहिरियों में जिसे रीड कहते हैं, भरी रहती है और बाहर ३७ छिद्र जोकि भीतर के इन ३७ पिपिहिरियों की हवा निकलने के लिये ऊपर बने रहते हैं, और जो १५ काले और २२ सफेद परदों से ढके रहते हैं, इन परदों में से किसी एक को अंगुली से दबाने से निकल जाती है और फिर उसी परदे की पिपिहिरी बजने लगती है। अर्थात् हारमोनियम से स्वर पैदा होने लगता है।

शि०—हारमोनियम में ऊपर कहे हुए ३७ परदों में से किन परदों को स, रे, ग, म, प, ध, और नि, मानना चाहिये?

गु०—मैं प्रथम ही वर्णन कर चुका हूँ कि (सी) से (सी) तक वाले हारमोनियम के ३७ परदे तीन प्रकार के यथा मोटे, साधारण और ऊँचे स्वर के लिये तीन यथा अनुदित, स्वारादित और उदित के समक में विभाजित हैं। अर्थात्

एक २ सप्तक में सात शुद्ध और पाँच अंशित स्वरों के लिये बारह २ परदे होते हैं जिनके अङ्गरेजी नाम नीचे अंकित हैं:—

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या— | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ |
| नाम— | सी | सीशार्प | डी | डीशार्प | ई | एफ |
| | C | C′ | D | D′ | E | F |
| संख्या— | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ |
| नाम— | एफशार्प | जी | जीशार्प | ए | एशार्प | बी |
| | F′ | G | G′ | A | A′ | B |

इन्हीं बारह परदों के हर एक नाम पर से स, रे, ग, म, प, ध, नी, निकलने का स्थान अर्थात् स्वरग्राम १२ प्रकार से बने हैं।

यदि ( c ) सी परदे से, स, रे, ग, म, इत्यादि निकालना है, तो उसी परदे से लेकर हारमोनियम के शेष परदे तक, अर्थात् तीनों सप्तक के काले और सफेद परदों में से जिन २ परदों पर स, रे, ग, म, इत्यादि के ऊपर गिन्ती का ( १ ) का अंक लिखा हो, वही २ परदे सीग्राम के स्वरग्राम अर्थात् स, रे, ग, म, प, ध, और नि तीनों सप्तक में होंगे। इसी प्रकार यदि सीशार्प, अर्थात् दो काले परदों में से प्रथम काले परदे पर से स्वरग्राम मालूम करना है तो उस परदे से हारमोनियम के शेष परदे तक जिन २ परदों पर स, रे, ग, इत्यादि के ऊपर दो ( २ ) का अंक अंकित हो, वही २ परदे सीशार्प ग्राम के स्वरग्राम अर्थात् स, रे, ग, म, इत्यादि तीनों सप्तक में होंगे।

इसी प्रकार तीन अङ्क के आङ्कित वाले स्वर डी ग्राम के

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चार | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | डीशार्प | ,, | ,, |
| पाँच | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ई | ,, | ,, |
| छः | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | एफ | ,, | ,, |
| सात | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | एफशार्प | ,, | ,, |
| आठ | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | जी | ,, | ,, |
| नौ | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | जीशार्प | ,, | ,, |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दस | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ए | ,, | ,, |
| ग्यारह | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | एशार्प | ,, | ,, |
| बारह | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | बी | ,, | ,, |

स्वरग्राम अर्थात् स, रे, ग, म, इत्यादि तीनों सप्तक में होंगे। अब चित्र नं ( १ ) को देखने से सब विदित हो जायगा।

परन्तु हर एक व्यक्ति को अभ्यास के लिये हारमोनियम के १२ स्वरग्रामों में से ( जैसा कि चित्र नं० १ में दिखलाया गया है ) एक ख़ास स्वरग्राम को चुन लेना चाहिये जिससे कि वे एक स्वरग्राम के सब परदों को व्यवहार करते हुये अच्छी तरह ध्यान में चढ़ा सकें और अपने सुभीते के लिये चित्र नं० दो: के दिये हुये स्वरों को काट कर उसी ख़ास चुने हुये स्वरग्राम के नम्बरवार परदों पर गोंद या लेई से चिपका लें। परन्तु यह याद रहे कि अनुदित सप्तक के लिये १ से १२ तक, स्वरादित सप्तक के लिये १३ से २४ तक और उदित सप्तक के लिये २५ से ३७ तक परदे हैं।

शि०—स्वरग्राम निकालने के लिये कोई ऐसा सरल नियम बताइये जोकि बिना चित्रादि देखे निकल जाय।

गु०—बिना चित्रादि देखे स, रे, ग, म, इत्यादि तीनों सप्तकों में से निकालने का सरल रीति यह है कि जहाँ से निकालना हो उस परदे से १३ परदे गिनलो तो

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पहिला | स | | दूसरा कोमल | रे |
| तीसरा | रे | | चौथा कोमल | ग |
| पाँचवाँ | ग | | | |
| छटवाँ | म | | सातवाँ तीव्र | म |
| आठवाँ | प | | नवाँ कोमल | ध |
| दसवाँ | ध | | ग्यारहवाँ कोमल | नि |
| बारहवाँ | नि | | | |
| तेरहवाँ | सं | | | |

चढ़ा अर्थात् दूसरे सप्तक का "स" फिर होगा।

स्वरग्राम अर्थात् स, रे, ग, म, इत्यादि निकालने में अंशित स्वरों के परदे छोड़ कर केवल शुद्ध स्वरों के परदे बजाना चाहिये जिनके नम्बर जहाँ कहीं से आरम्भ किये जावें १, ३, ५, ६, ८, १०, १२, १३, यह शुद्ध स्वरों के परदे होंगे ।

और २, ४, ७, ९, ११ यह अंशित स्वर के परदे होंगे ।

# तालाध्याय

शि०—क्या हर एक व्यक्ति के लिये ताल जानना आवश्यक है ?

गु०—जैसे बिना व्याकरण के कोई भाषा शुद्ध नहीं हो सकती वैसे बिना ताल के कोई गाना भी शुद्ध नहीं हो सकता है । संगीत प्रवीण लोग ताल को **गान विद्या** का व्याकरण कहते हैं । इसलिये हर एक संगीत सीखने वाले को ताल जानना आवश्यक है । यदि तबला इत्यादि बाजों पर बजाना न सीख सकें तो कम से कम हाथ से ताल का प्रकाश करना अवश्य ही सीखना चाहिये । "ताल साधन" नामक पाठ में ताल सीखने की विधि बतलाने का यथाशक्ति प्रयत्न किया गया है ।

शि०—ताल किसे कहते हैं ?

गु०—परिमाणित समय के आघात को जोकि मात्राओं के समूह से बनता है, ताल कहते हैं । ताल से लय की रक्षा होती है और छन्द दरसता है ।

शि०—मात्रा क्या है ?

गु०—मात्रा भी परिमाणित समय है, जो बराबर १। एक सेहो एक बटा चार सेकैण्ड के होता है । एक मात्रा में उतना ही समय लगता है जितना आरोग्य मनुष्य की नाड़ी के एक बार आघात होने में, या मुख से गिन्ती का एक गिनने में । एक मात्रा में चार कलायें होती हैं । अर्थात् एक मात्रा काल में चार बार अंगुली पटक सकते हैं ।

# प्रथम या अनुदित सप्तक



# चित्र नं० १

## स्वरादितया द्वितीय सप्तक



# तृतीय या उदित सप्तक

## अनुदित सप्तक

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | क रे | रे | क ग | ग | म | त म | प | क ध | ध | क नि | नि |

## स्वरादित

| १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | २३ | २४ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | क रे | रे | क ग | ग | म | त म | प | क ध | ध | क नि | नि |

## उदित

| २५ | २६ | २७ | २८ | २९ | ३० | ३१ | ३२ | ३३ | ३४ | ३५ | ३६ | ३७ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | क रे | रे | क ग | ग | म | त म | प | क ध | ध | क नि | नि | स |

शि०—कला किसे कहते हैं ?

गु०—कला भी समय का अंश है अर्थात् एक कला एक मात्रा का चौथाई भाग है।

शि०—ताल किस वस्तु से बनता है ?

गु०—ताल मात्राओं से बनता है, जो तबले के बोल में बंधे रहते हैं। इसी के आधार पर गाना बजाना होता है।

शि०—मात्रा किस वस्तु से बनती है ?

गु०—मात्रा कलाओं से बनती है।

शि०—कला किससे बनती है ?

गु०—कला मात्रा के चौथाई भाग काल से बनती है।

शि०—ताल का प्रकाश किस प्रकार से किया जाता है ?

गु०—ताल का प्रकाश दो प्रकार से किया जाता है। प्रथम किसी वस्तु, जैसे तबला, मृदंग, पखावज इत्यादि पर ताल का बोल बजा कर और दूसरे हाथ की ताली बजा कर, अथवा चुटकी बजाकर वा अंगुली फैला कर ताल का प्रकाश होता है।

शि०—ताल में और क्या २ वस्तुएं होती हैं ?

गु०—हर एक ताल में सम अवश्य होता है। और खाली व भरी तालें भी होती हैं, परन्तु अनेक ताल ऐसे हैं, जिन में सब भरी ही तालें होती हैं। खाली ताल कोई भी नहीं होती तिहाई, रेला, मोहड़ा इत्यादि भी होते हैं जिसे तबला, मृदङ्ग इत्यादि बजाने वाले केवल ताल की सुन्दरता बढ़ाने के लिये बजाते हैं।

शि०—सम किसे कहते हैं ?

गु०—अन्त में लय के विश्राम स्थान को सम, या न्यास, या अवसान कहते हैं। गीत के सम और सम के ताल का प्रकाश एक ही साथ होता है ?

शि०—ताल कितने प्रकार के होते हैं ?

गु०—ताल अनेक प्रकार के होते हैं, परन्तु प्रचलित ताल यह हैं। यथा तृताल ( तिताला ), चौताल, झपताल, रूपकताल, शूलफाक ताल, धमार, तेवरा, एकताला, दीपचन्दी या होली का ठेका, आड़ा चौताल, कौवाली, दादरा और कहरवा इत्यादि। उपरोक्त तालें भिन्न २ मात्राओं के समूह से बने हैं।

# ताल-साधन

शि०—हाथ से ताल प्रकाश करने का नियम क्या है?

गु०—हाथ से ताल प्रकाश करने का नियम यह है कि नीचे लिखे हुए भिन्न २ ताल चक्र में जितने मात्राओं के अङ्क हों उतने ही अङ्कों को एक लय से उच्चारण करते हुए जिस अङ्क पर सम या ताल लिखा हो ठीक उसी अङ्क के उच्चारण होने पर ताली बजाना चाहिये, और फिर जिस अङ्क पर ख़ाली लिखा हो ठीक उसी अङ्क के उच्चारण होने पर हाथ से ख़ाली ताल का इशारा करने के लिये दोनों हाथों को हटा देना चाहिये। परन्तु यह याद रहे कि कोई गीत या गत के साथ हाथ से ताल को प्रकाश करने में गीत या गत का सम जहाँ मालूम हो ठीक उसी स्थान से सम के ताल वाली ताली बजा कर आरम्भ करना चाहिये। तबले के बोल बजाने के लिये नीचे ताल-चक्र में जो बोल लिखे हैं उन्हें अभ्यास करना चाहिये।

**तृताल (तिताला) १६ मात्राओं के समूह से बना है।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| धमार, तेवरा<br>आड़ा चौताला और<br>होली का ठेका | १४ | " | " | " |
| चौताल और<br>इकताला | १२ | " | " | " |

| | | |
|---|---|---|
| शूल फांक और झपताल | १० | मात्रा के समूह से बना है। |
| कौवाली | ८ | " " " " |
| दादरा | ६ | " " " " |
| रूपक ताल | ७ | " " " " |

अब हम पूर्वोक्त तालों के बोल मात्राओं सहित नीचे लिखते हैं।







ताली
१ २ ३
धी धी ना धिं
९ सम की ताली
झपताल
मात्रा १०
१० ना
९ ना
९ खाली
ति ति ना धिं
८ ७ ६ ५ ताली


ताली
१ २ ३ ४
ता धिन् धिन् ता धा
१ सम की ताली
तिताला
मात्रा १६
१६ ता
१५ तिन्
१४ तिन्
१३ खाली
ता ता तिन् तिन्
धिं धिं
९ धिं धिं
८ ना
७ ना
१६ १५ १४ १३ ताली

# धमार मात्रा १४

सम

ताल—१ २ ०

मात्रा— १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४

बोल— क धि नि धि नि धा (आ) क ढि टि ढि टि ता (आ)

# तेवरा. मात्रा १४

सम

ताल— १ २ ३ ४ ५ ६

मात्रा— १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४

बोल— धि न धि न ता कि टि धि न धि न धा कि टि

# आड़ा चौताल मात्रा १४

सम खाली खाली खाली

ताल— १ २ ३ ४ ५ ६ ७

मात्रा— १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४

बोल— धी धी ना तृक तू ना कत्ती ना धी ना धी धी ना

# इकताला मात्रा १२

सम

ताल— १ २ ३

मात्रा— १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२

बोल— धी तृक धी ना धी धी ना तृक तू ना कत ता

# सूलफांक ताल मात्रा १०

सम खाली खाली

ताल— १ २० ३ ४ ५

मात्रा— १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १०

बोल— धा धा धि ता किट धा तिर किट गिद गिन

# दादरा मात्रा ६

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ताल— | सम | | | खाली | | |
| मात्रा— | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ |
| बोल— | धा | ति | ना | ना | ति | ना |

# कौवाली मात्रा ८

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सम | | | | खाली | | | |
| ताल— | १ | | | २ | | ३ | | ४ |
| मात्रा— | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ |
| बोल— | धा | गि | न | धि | न | क | धि | न |

नोट—इस ठेके के दुगून को कहरवा कहते हैं, २ और ४ पर ज़ोर से ताल देते हैं।

# उपयोगी चिन्ह

चिन्ह

(–) यह चिन्ह ठहरने का है। अर्थात् यदि किसी स्वर के आगे – यह चिन्ह एक या एक से अधिक हो तो उस परदे पर उतने ही मात्रा काल तक ठहरना चाहिये जितने कि यह – चिन्ह गिन्ती में हों जैसे स –, ग– –, म – – –, जोकि बराबर हुये स स, ग ग ग, और म म म म, के। परन्तु स स दोबार, ग ग ग, तीन बार और म म म म चार बार न बजाकर बरन स, पर एक मात्रा काल, ग पर दो मात्रा काल और म पर तीन मात्रा काल तक और ठहरना चाहिये। यही चिन्ह यदि किसी गीत के अक्षर के आगे तथा किसी स्वर के नीचे हो, तो वह अक्षर जो कि किसी स्वर के अन्त में होता है केवल उसी अक्षर के अन्त के स्वर का उच्चारण होगा।

जैसे (१) स रे ग म प ध = स रे ग म प ध
मी — ठी बो — ली = मी इ ठी बो ओ ली

(२) { स रे ग म प ध नि ध प म रे ग
मे — री — ह द य दे — — — बी

= { स रे ग म प ध नि ध प म रे ग
मे ए री ई ह द य दे ए ए ए बी

(×) जहाँ (×) यह चिन्ह हो वहां सम का ताल समझना चाहिये।

(०) जहाँ (०) यह चिन्ह हो वहाँ खाली ताल. और जहाँ १, २, ३, लिखे हों वहाँ भरी तालें समझना चाहिये।

— जितने स्वर — इस चिन्ह के भीतर हों उन को शीघ्र और एक साथ बजाना चाहिये।

# उपयोगी बातें

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कोमल | रे | का | चिन्ह | (रे$^{क}$) | है |
| ,, | ग | ,, | ,, | (ग$^{क}$) | ,, |
| ,, | ध | ,, | ,, | (ध$^{क}$) | ,, |
| ,, | नी | ,, | ,, | (नी$^{क}$) | ,, |
| तीव्र | म | ,, | ,, | (म$^{त}$) | ,, |

जिन स्वरों के आगे कोई ठहरने का चिन्ह न हो उन स्वरों पर कभी एक मात्राकाल से अधिक देर कदापि न ठहरना चाहिये। इसका ध्यान सर्वदा रखना चाहिये। क्योंकि यदि कहीं एक मात्रा काल से अधिक समय लग जाय, तो वह स्वर तुरन्त बेताला हो जायगा। इस लिये कि सब गीत व गत इत्यादि बंधे हुये ताल के मात्राओं से बनते हैं। यदि कहीं एक मात्रा भी कम बेशी हो जाय तो वह गत या गीत कदापि उस ताल में नहीं आ सकता जिस ताल में वह गत या गीत बंधा होता है।

हारमोनियम में जहाँ कहीं से स, रे, ग, म, इत्यादि बजाया जाय तो पहिला अर्थात् गिन्ती में १, १३, २५ और ३७ परदे स : २, १४ और २६ परदे कोमल रे : ३, १५ और २७ रे शुद्ध : ४, १६ और २८ कोमल ग : ५, १७ और २९ ग शुद्ध : ६, १८ और ३० म शुद्ध : ७, १९ और ३१ तीव्र म : ८, २० और ३२ प शुद्ध : ९, २१ और ३३ कोमल ध : १०, २२ और २४ ध शुद्ध : ११, २३ और ३५ नि कोमल : १२, २४ और ३६ नि शुद्ध होंगे ।

यदि कोई दो या तीन स्वर एकही मात्रा में लिखे हों तो तुरन्त एक साथ एक मात्रा काल में बजाना चाहिये ।

ध्रुपद कोई राग या रागिनी का नाम नहीं है, किन्तु जो गाने चौताल ताल में बंधे होते हैं उन्हें ध्रुपद कहते हैं ।

जब कभी गीत या गत को गा कर या बजा कर शेष करना हो तब स्थाई के सम पर आ कर शेष करना चाहिये ।

मोटे स्वर से ऊँचे स्वर तक जाने को **अनुलोम** या **आरोह** कहते हैं, जैसे स, रे, ग म, प, ध, नि, स इत्यादि और ऊंचे स्वर से मोटे स्वर तक लौट आने को **विलोम** या **अवरोह** कहते हैं जैसे स, नि, ध, प, म, ग, रे, स इत्यादि ।

अंगूठे को कभी काले परदे पर न लगाना चाहिये, यह विचार कर जिस प्रकार सुविधा हो शेष तीनों अंगुलियों का व्यवहार करना चाहिये ।

गीत या गत इत्यादि सर्वदा स्वरादित अर्थात् दूसरे सप्तक से कोई परदे को प्रस्थान सुर अर्थात् स मान कर बजाना चाहिये क्योंकि गाने और बजाने में प्रथम अर्थात् अनुदित और द्वितीय अर्थात् उदित सप्तक के परदे भी लगते हैं और गाने वाले भी सदा अपने साधारण स्वर से गाते हैं जोकि स्वरादित सप्तक से निकलते हैं ।



## उपयोगी नोट

१—जिस स्वर के नीचे बिन्दी हो उसको मंद्र या अनुदित सप्तक के स्वर समझना चाहिये।

२—जिस स्वर के ऊपर या नीचे कहीं भी बिन्दी न हो उसे मध्य या स्वरादित सप्तक के स्वर समझना चाहिये।

३—जिस स्वर के ऊपर बिन्दी हो उसे तार या उदित सप्तक के स्वर समझना चाहिये।

स़ रे़क रे़ ग़क ग़ म़ म़त प़ ध़क ध़ नि़क नि़ ☞ यह मन्द्र, अनुदित या प्रथम सप्तक के स्वर हैं

स रेक रे गक ग म मत प धक ध निक नि ☞ यह मध्य, स्वरादित या द्वितीय सप्तक के स्वर हैं

सं रेंक रें गंक गं मं मंत पं धंक धं निंक निं ☞ यह तार, उदित या तृतीय सप्तक के स्वर हैं

# स्वर साधन

## प्रथम पाठ

१ { स, रे, ग, म, प, ध, नि, सं–आरोहन
  { सं, नि, ध, प, म, ग, रे, स–अवरोहन

२ { सरे, रेग, गम, मप, पध, धनि, निसं–आरोहन
  { संनि, निध, धप, पम, मग, गरे, रेस–अवरोहन

३ { सरेग रेगम, गमप, मपध, पधनि, धनिसं–आरोहन
  { संनिध, निधप, धमप, पमग, मगरे, गरेस–अवरोहन

४ { सरेगम, रेगमप, गमपध, मपधनि, पधनिसं–आरोहन
  { संनिधप, निधपम, धपमग, पमगरे, मगरेस–अवरोहन

५ { सरेगमप, रेगमपध, ममपधनि, मपधनिसं–आरोहन
  { संनिधपम, निधपमग, धपमगरे, पमगरेस–अवरोहन

६ { सरेगमपध, रेगमपधनि, गमपधनिसं– आरोहन
  { संनिधपमग, निधपमगरे, धपमगरेस– अवरोहन

७ { सरेगमपधनि, रेगमपधनिसं–आरोहन
  { संनिधपमगरे, निधपमगरेस–अवरोहन

८ { सरगमपधनिसं–आरोहन
  { संनिधपमगरेस–अवरोहन

ऊपर लिखे हुए सरगम के परदों पर केवल 'आ' का उच्चारण करते हुये बजाना चाहिये यथा:—

१ स, रे, ग, म, प, ध, नि, सं } आरोहन
आ, आ, आ, आ, आ, आ, आ, आ

सं, नि, ध, प, म, ग, रे, स } अवरोहन
आ, आ, आ, आ, आ, आ, आ, आ

२ सरे, रेग, गम, मप, पध, धनि, निसं } आरोहन
आआ, आआ आआ, आआ, आआ, आआ, आआ

संनि, निध, धप, पम, मग, गरे, रेस } अवरोहन
आआ, आआ आआ, आ.आ, आआ, आआ, आआ

---

नोट—इसी प्रकार जितने स्वर साधन के पाठ हैं प्रथम सब स्वरों के अक्षरों को कहते हुये अभ्यास करना चाहिये बाद को उन्हीं स्वरों के स्थान में 'आ' 'इ' 'उ' 'ए' और 'ओ' को केवल उच्चारण करते हुये अभ्यास करना चाहिये। क्योंकि आ, ई, ऊ, ए और 'ओ' इन्हीं पाँच अक्षरों में से किसी को गिटकिरी, या तान में प्रयोग करते हैं।

---

## दूसरा पाठ

१ स, ग, रे, म, ग, प, म, ध, प, नि, ध, सं—आरोहन
सं, ध, नि, प, ध, म, प, ग, म, रे, ग, स—अवरोहन

२ स, म, रे, प, ग, ध, म, नि, प, सं-आरोहन
सं, प, नि, म, ध, ग, प, रे, म, स-अवरोहन

३ स, प, रे, ध, ग, नि, म, सं—आरोहन
सं, म, नि, ग, ध, रे, प, स—अवरोहन

४ स, ध, रे, नि, ग, सं—आरोहन
सं ग, नि, रे, ध, स—अवरोहन

५ { स, नि, रे, सं—आरोहन
  { सं, रे, नि, स—अवरोहन

६ { स, सं—आरोहन
  { सं, स—अवरोहन

---

## तीसरा पाठ

स

सरे स

स रे ग रे स

स रे ग म ग रे स

स रे ग म प म ग रे स

स रे ग म प ध प म ग रे स

स रे ग म प ध नि ध प म ग रे स

स रे ग म प ध नि सं नि ध प म ग रे स

---

## चौथा पाठ

१ { सरेस, रेसरे, गरेग, रेगरे, गमग, मगम,
  { मपम, पमप, पधप, धपध, धनिध, निधनि,
  { निसंनि, संनिसं,

२ { संनिसं, निसंनि, निधनि, धनिध, धपध, पधप,
  { पमप, मपम, मगम, गमग, रेगरे, गरेग, रेसरे, सरेस,

# स्वर-साधन

## ठाठ अलैय्या।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १३ | १५ | १७ | १८ | २० | २२ | २४ | २५ |
| आरोह– | स | रे | ग | म | प | ध | नि | स |
| | २५ | २४ | २२ | २० | १८ | १७ | १५ | १३ |
| अवरोह– | स | नि | ध | प | म | ग | रे | स |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १३ | १५ | १७ | १८ | २० | २२ | २४ | २५ |
| आरोह– | स | रे | ग | म | प | ध | नि | स |
| | भ | जो | म | न | ह | री | ना | म |
| | २५ | २४ | २२ | २० | १८ | १७ | १५ | १३ |
| अवरोह– | स | नि | ध | प | म | ग | रे | स |
| | त | जो | स | ब | मो | ह | का | म |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १३ | १५ | ७ | १८ | २० | २२ | २४ | २५ |
| आरोह– | सस | रेरे | गग | मम | पप | धध | निनि | सस |
| | २५ | २४ | २२ | २० | १८ | १७ | १५ | १३ |
| अवरोह– | सस | निनि | धध | पप | मम | गग | रेरे | सस |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १३ | १५ | १७ | ८ | २० | २२ | २४ | २५ |
| आरोह– | सस | रेरे | गग | मम | पप | धध | निनि | सस |
| | भ– | जो– | म– | न– | ह– | री– | ना– | म– |
| | २५ | २४ | २२ | २० | १८ | १७ | १५ | १३ |
| अवरोह– | सस | निनि | धध | पप | मम | गग | रेरे | सस |
| | त– | जो– | स– | ब– | मो– | ह– | का– | म– |

## ठाठ भैरवी

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १३ | १४ | १६ | १८ | २० | २१ | २३ | २५ |
| आरोह— | स | रे$^{क}$ | ग$^{क}$ | म | प | ध$^{क}$ | नि$^{क}$ | स |
| | २५ | २३ | २१ | २० | १८ | १६ | १४ | १३ |
| अवरोह— | स | नि$^{क}$ | ध$^{क}$ | प | म | ग$^{क}$ | रे$^{क}$ | स |
| | १३ | १४ | १६ | १८ | २० | २१ | २३ | २५ |
| आरोह— | स | रे$^{क}$ | ग$^{क}$ | म | प | ध$^{क}$ | नि$^{क}$ | स |
| | भ | ज | न | ओ | म | का | क | रो |
| | २५ | २३ | २१ | २० | १८ | १६ | १४ | १३ |
| अवरोह— | स | नि$^{क}$ | ध$^{क}$ | प | म | ग$^{क}$ | रे$^{क}$ | स |
| | भ | य | ज | ल | धि | को | त | गो |

## ठाठ भैरव

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १३ | १४ | १७ | १८ | २० | २१ | २४ | २५ |
| आरोह— | स | रे$^{क}$ | ग | म | प | ध$^{क}$ | नि | स |
| | स | त्त | गु | रु | द | त्त | दा | ता |
| | २५ | २४ | २१ | २० | १८ | १७ | १४ | १३ |
| अवरोह— | स | नि | ध$^{क}$ | प | म | ग | रे$^{क}$ | स |
| | प | ढ़ | ता | है | मैं | गा | तो | ताँ |

## ठाठ टोड़ी

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १२ | १३ | १६ | १९ | २० | २१ | २४ | २५ |
| आरोह— | नि | स | ग$^{क}$ | म$^{त}$ | प | ध$^{क}$ | नि | स |
| | मुह | तू | मी | ई | ठी | बों | ली | बोल |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २५ | २४ | २१ | २० | १९ | २० | १६ | १४ | १३ |
| अवरोह— | स | नि | ध[क] | प | म[त] | प | ग[क] | रे[क] | स |
| | ते | रा | क्या | आ | ल | गे | गा | आ | मोल |

## ठाठ मारवा

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १२ | १४ | १७ | १९ | २२ | १९ | १७ | १४ | १३ |
| आरोह— | नि | रे[क] | ग | म[त] | ध | म[त] | ग | रे[क] | स |
| | चुप | रह | बस | कर | झट | पट | चल | दे | प |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १२ | १४ | १२ | १० | ७ | १० | १३ | १३ |
| अवरोह— | नि | रे[क] | नि | ध | म[त] | ध | स | स |
| | बक | बक | मत | कर | चल | हट | टल | दे |

## ठाठ इमन कल्याण

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २२ | २० | १९ | २० | १७ | १५ | १२ | १५ | १३ |
| आरोह— | ध | प | म[त] | प | ग | रे | नि | रे | स |
| | रा | धा | कृष | ना | गो | बिं | दा | आ | आ |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १३ | १० | १३ | १५ | १७ | १५ | १२ | १५ | १३ |
| अवरोह— | स | ध | स | रे | ग | रे | नि | रे | स |
| | भ | जे | सो | आ | पा | वे | आ | नं | दा |

## ठाठ मालकोश

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २१ | १८ | १६ | १३ | ११ | १३ | १८ |
| आरोह— | ध[क] | म | ग[क] | स | नि[क] | स | म |
| | मुह | तू | मी | ठी | बो | ली | बोल |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २८ | २५ | २३ | २१ | १८ | १३ | १८ |
| अवरोह— | ग[क] | स | नि[क] | ध[क] | म | स | म |
| | ज्ञान | घट | का | पट | तू | ऊ | खोल |

बोल सहित, राग व रागिनियों के ठाठ में ऊपर जितने सरगम लिखे हुए हैं उन सब को अच्छे प्रकार गाकर अभ्यास कर लेना चाहिए।

नोट—यह बात फिर भी स्मरण कराई जाती है कि जिस परदे के आगे ठहरने का चिन्ह नहीं है वहाँ कभी न ठहरना चाहिये बल्कि एक ही चाल से बजाना चाहिये।

# रागाध्याय

शि०—राग या रागिनी किसे कहते हैं ?

गु०—जो ध्वनि तीनों सप्तकों में, ऊपर कहे हुये १२ स्वरों में से, षरज सहित, कम से कम कोई पाँच स्वरों और षरज सहित, अधिक से अधिक कोई दस स्वरों की हेरा-फेरी से बनती है, उसे राग या रागिनी कहते हैं। और ये आठ प्रकार के होते हैं :—

( १ ) जिस राग या रागिनी में केवल पाँच स्वरों की हेरा-फेरी हो उसे ओढ़व राग या रागिनी कहते हैं।

( २ ) जिस राग या रागिनी में केवल छः स्वरों की हेराफेरी हो उसे षाढ़व राग या रागिनी कहते हैं।

( ३ ) जिस राग या रागिनी में, सात या उससे अधिक स्वरों की हेरा-फेरी हो, उसे सम्पूर्ण राग या रागिनी कहते हैं।

( ४ ) जिस राग या रागिनी में, दो या अधिक दूसरे राग या रागिनी का मेल हो उसे संकीर्ण राग या रागिनी कहते हैं।

( ५ ) पाँच स्वर वाले राग या रागिनी के आरोह और अवरोह में केवल शुद्ध स्वर के स्थान पर अंशित, या अंशित स्वर के स्थान पर शुद्ध स्वर के बदल जाने पर बक्र ओढ़व राग या रागिनी बनते हैं।

इसी प्रकार से ( ६ ) बक्र षाढ़व, ( ७ ) बक्र सम्पूर्ण और ( ८ ) बक्र शंकीर्ण राग या रागिनी होते हैं।

शि०—राग या रागिनियाँ किन २ वस्तुओं से बने हैं ?

गु०—राग और रागिनियां निम्न लिखित चार वस्तुओं से बने हैं।

(१) बादी स्वर (२) संबादी स्वर (३) अनुवादी स्वर ( ४ ) विवादी स्वर।

शि०—बादी, संवादी, अनुवादी और बिवदी स्वर किसे कहते हैं ?

गु०—( १ ) जिस स्वर का प्रकाश किसी राग या रागिनी में अधिकतर होता है उसे बादी या मुख्य स्वर अथवा जान भी कहते हैं।

( २ ) जिस स्वर का प्रकाश किसी राग या रागिनी में बादी स्वर से कम होता है उसे संबादी स्वर कहते हैं।

( ३ ) जिस स्वर का प्रकाश किसी राग या रागिनी में संबादी स्वर से भी कम होता है उसे अनुबादी स्वर कहते हैं।

( ४ ) जिस स्वर के प्रकाश से किसी राग या रागिनी का स्वरूप बिगड़ जाय उसे विवादी स्वर कहते हैं। अर्थात् जहाँ कहीं बिबादी स्वर का प्रकाश होता है वहां कान को कदापि प्रिय नहीं मालूम होता।

शि०—राग या रागिनियों के विषय में कितने मत भेद हैं ?

गु०—राग या रागिनियों के विषय में चार मत भेद हैं। यथा, हनुमंत मत, शिव मत, भरत मत और तानसेनी मत। परन्तु आजकल बहुत कम ऐसे गानेवाले हैं जोकि हनुमंत और शिव मत से गाते हैं। अस्तु बङ्गाल और दक्षिण में भरतमत से राग या रागिनी गाते हैं। और पञ्जाब में शुद्ध तानसेनी मत से, और सँयुक्त प्रदेश में तानसेनी और भरत मत मिला हुआ गाते हैं।

# राग या रागिनियों के गानेका समय

## रात तीन बजे से सवेरे छः बजे तक :—

ललता, ललिता, सोहनी (शोभिनी) परज, कालगड़ा, रामकली, पंचम, योगिया, रामश्री, गुनकली, भैरव इत्यादि ।

## सवेरे ७ बजे से ११ बजे दिन तक :—

अहिरी, योगी, भैरवी, प्रभाती, देशी, गुर्जरी, टोड़ी, आसावरी, सिंधभैरवी, जौनपुरी आदि टोड़ी, माड़, देवगंधार, मधुमाधवी, विभास, बिलावल, और कैकभ इत्यादि ।

## ११ बजे दिन से २ बजे दिन तक :—

सब प्रकार के सारंग, पीलू, धानी, बड़हंस, पटमंजुरी, हंसकंकली, बरुआ इत्यादि ।

## २ बजे दिन से ५ बजे संध्या तक :—

धनाश्री, काफी, पलास, मुलतानी, सोरठी, इत्यादि ।

## ५ बजे संध्या से ७ बजे रात तक :—

मालश्री, गौड़ाश्री, जैत, पूर्वी, रेनकी, मारवी, दीपक, बराटी या पूरिया, कल्याण, गौरी, श्री, जैतश्री, त्रिवेनी रेवा, मालव इत्यादि ।

## ७ बजे रात से ११ बजे रात तक :

भूप, भूपाली, कल्याण, इमन-कल्याण, शाम कल्याण हमीर, कामोद, हेम, चन्द्रकान्त, नट, छाया, छाया-नट केदारा, मलुहा, चांदनी, देश, सोरठ, खंमाज, दुर्गा

तिलंग, झिंझौटी, पहाड़ी, जैजैवन्ती, तिलक, कामोद, सहाना, दरबारी, कान्हेड़ा आदि १८ प्रकार के, नीलांबरी, गारा, बाघेश्वरी, बहार इत्यादि ।

### ११ बजे रात से १ बजे रात तक :—

बेहागड़ा, बिहाग, शंकरा, मालकोश इत्यादि ।

### १ बजे रात से ३ बजे रात तक :—

मालवी, हिन्डोल, इत्यादि ।

वसंत के दिनों में वसंत राग रात के समय,

वर्षा के दिनों में मेघ राग, और सब प्रकार के मलार, कजरी और सावनी इत्यादि,

होली के दिनों में होली, चाहे किसी राग या रागिनी में हो,

और चैत के महीने में चैती, चाहे किसी राग या रागिनी में हो, गाना चाहिये ।

---

# वर्तमान मत

## ६ राग और ३० रागिनियाँ

अर्थात् एक २ राग के पांच २ स्त्रियाँ

(१) राग भैरव ... ... ...
- (१) भैरवी
- (२) मधुमाधवी
- (३) बंगाली
- (४) बगाटी
- (५) सैंधवी

(२) राग दीपक
- (१) सह
- (२) कान्हेड़ा
- (३) देश
- (४) केदारा
- (५) पहाड़ी

(३) राग मालकोश ... ...
- (१) टोड़ी
- (२) गौरी
- (३) कैकभ
- (४) खंभावती
- (५) गुणकली

(४) श्री राग ... ... ...
- (१) बसंत
- (२) मालश्री
- (३) धनाश्री
- (४) आसावरी
- (५) मालवी

(५) राग हिन्डोल ... ...
- (१) रामकली
- (२) ललिता
- (३) पटमंजरी
- (४) देशाखी
- (५) बिलावली

(६) राग मेघ ... ... ...
- (१) भूपाली
- (२) देशकारी
- (३) मल्लारी
- (४) गुर्जरी
- (५) तिलका

इनके सिवाय इन राग और रागिनियों के ४८ पुत्र और ४८ पुत्र-वधू भी हैं जिनका वर्णन दूसरे भाग में किया गया है।

# इमनकल्याण, चौताल (मात्रा १२)

(ठाठ) आरोह स रे ग मत प ध नि सं
अवरोह सं नि ध प मत ग म रे स

(दोहा) सबही तीवर सुर जहाँ मृदु म, कबहु लग जाय।
ग नि, वादी, संवादि हैं, इमन सुराग कहाय॥

गीत

स्थाई — जय जय जगदीश राम, श्याम धाम पूर्ण काम,
आनन्द घन ब्रह्मा विष्णु, सच्चित् सुख कारी।

अन्तरा (१) सोहत गल मुक्त माल, कंस रावणादि काल,
बिनबत हम बार बार, दीनन हितकारी।

अं० (२) बन्दत नित प्रति सुरेश, गावत गुण-गण महेश,
ध्यावत तव नाम शेष, ब्रह्मा मुख चारी।

अं० (३) मोदक प्रिय मोद करण, सुयश भरण बिपति हरण,
तव उदार चरण शरण, 'किरण' बलिहारी।

---

# राग साधन

## इमन कल्याण, चौताल (मात्रा १२)

स्थाई

| × | | ० | | १ | | ० | | १ | | २ | ताल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | नि | ध | मत | प | प | प | – | ग | ग | – | ग |
| ज | य | ज | य | ज | ग | दी | – | श | रा | – | म |
| रे | ग | ग | ग | ध | प | ग | म | रे | नि | रे | स |
| शा | आ | म | धा | आ | म | पू | उर | न | का | आ | म |

स ध़ स रे ग मत ग मत प मत ग ग
आ आ नन द घ न ब्र अम हा वि श्व मु

रे ग मत प नि ध ग रे नि़ रे स —
स अ चि त सु ख का आ आ आ री —

अन्तरा

प मत ग ग प ध सं — सं ध़ — सं
सो ओ ह त ग ल मु — क मा — ल

सं गं रें सं ध नि सं नि ध मत प प
क अन ख रा आ व णा आ दि का आ ल

नि ध नि प ध मत ग मत ध मत प प
वि न व त ह म बा आ र बा आ र

रे ग मत प नि ध ग रे नि़ रे स —
दी ई न न हि त का आ आ आ री —

---

नोट—अं० (२) व (३) भी इसी सरगम से निकलेंगे ।
जिन स्वरों के ऊपर बिन्दु हों वे तार सप्तक के, और जिन के नीचे बिन्दु हों वे मन्द्र सप्तक के स्वर हैं ।

# हिंडोल, चौताल, मात्रा १२

## ओढ़व राग

### ठाठ

आरोह—स ग, मत ध नी सं

अवरोह—सं नि, ध मत ग स

### दोहा

जहाँ ऋषभ पंचम नहीं, सब तीखे सुर जान।
संवादी बादी ध, ग हि, राग हिंडोल मान॥

### गीत

स्थाई — लंका संग्राम राम, सोभित सुन्दर सुजान,
अद्भुत गति कहि न जात, जबही कर धरत बान॥

अन्तरा (१) अर्ध चन्द्र अति विचित्र, कान लागि कहत मंत्र,
आज्ञा बिनु कछु न बनत, कहो तो प्रभु हतौं प्राण॥

अं० (२) रिपु छल दल प्रबल मेघ, बादल ज्यों ढाकि लेत,
मृगपति गति चरण धरत, आगे रघु कुल के बान॥

अं० (३) कान्हर करुणा निधान; वैरत रण रङ्ग भूमि,
जैसे वर्षा ऋतु में, निकसत अरु छिपत भान॥

# हिंडोल, चौताल, मात्रा १२

## स्थाई

ताल × ० १ ० १ २

सं नि ध मत ग मत ध नि ध मत ग
ल अं का आ स अं आ आ म रा आ

स ग मत ध ग मत ध नि ध मत ग
शो भि त सु उन द र सु जा आ

नि़ स नि़ ध़ स ग मत ध नि सं – सं
अ द भु त छ वि क हि न जा — त

नि सं गं मंत गं सं ध नि ध मत ग म
ज ब हीं ई क र धि र त बा आ न

अंतरा

ग ग मत – ध ध नि़ नि़ नि सं – सं
अ र ध — च द्र अ नि वि चि — त्र

नि सं गं मंत गं सं नि सं नि ध मत मत
का आ न अ ला गि क ह त म अं त्र

गं – गं – मंत गं सं गं सं नि सं सं
आ — ज्ञा — बि नु क छु न ब न त

नि सं गं मंत गं सं ध नि ध मत ग म
क हो तो ओ प्र भु ह तौ औ ष आ न

अ० (२) ब (३) भी इसी सरगम में।

